भारतीय महिला हॉकी टीम में झारखंड की चार खिलाड़ी चयनित

चर्चा में क्यों?

23 नवंबर, 2022 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार भारतीय महिला हॉकी टीम में झारखंड की चार खिलाड़ी निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी और ब्यूटी डुंगडुंग को शामिल किया गया है। ये स्पेन में 27 नवंबर से आयोजित एफआईएच महिला हॉकी कप में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

प्रमुख बिंदु

- सिमडेगा ज़िला के सदर प्रखंड के अंतर्गत बड़की छपार गाँव की सलीमा टेटे के खेल की सराहना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कई बार कर चुके हैं। उनके गाँव में आज भी लोगों को मोबाइल के टावर के लिये चटान या पेड़ों का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में सलीमा ने कोसों पैदल चलकर या पिता सुलशन टेटे की साइकिल में बैठकर विद्यालय और गाँव की टीम से खस्सी कप, मुर्गा कप हॉकी प्रतियोगिताओं से हॉकी की शुरुआत की थी।
- सलीमा टेटे सिमडेगा की पहली महिला ओलंपियन हैं। इन्होंने विगत तीन-चार वर्षों में ही ओलंपिक गेम्स, वर्ल्ड कप, एशिया कप, कॉमनवेल्थ गेम्स जैसे कई बड़े टूर्नामेंटों में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया और अपने खेल से पूरी दुनिया को अपनी ओर आकर्षित किया।
- निक्की प्रधान खूंटी ज़िला के मोरो प्रखंड के अंतर्गत पेरोल गाँव की रहने वाली हैं, जहाँ आज तक एक खेल का मैदान तक नहीं है। निक्की ने यहाँ अपनी बड़ी बहनों से प्रेरणा लेकर हॉकी की शुरुआत की थी।
- निक्की झारखंड की पहली हॉकी खिलाड़ी हैं, जो दो-दो ओलंपिक खेल चुकी हैं। वह ओलंपिक गेम्स, वर्ल्ड कप, कॉमनवेल्थ गेम, एशिया कप सहित सभी बड़ी-बड़ी प्रतियोगिताओं में भारतीय महिला हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए कई रिकॉर्ड भी अपने नाम कर चुकी हैं।
- संगीता कुमारी हॉकी की नर्सरी सिमडेगा ज़िला के केरसई प्रखंड अंतर्गत करगागुडी नवा टोली गाँव की रहने वाली हैं। बेहद गरीब परिवार से पल-बढ़कर बाँस की स्टिक और उसकी जड़ से हॉकी की शुरुआत करते हुए संगीता कुमारी विगत 1 साल में कॉमनवेल्थ गेम, एफआईएच हॉकी लीग सहित पूर्व में जूनियर एशिया कप जैसी कई प्रतियोगिताओं में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।
- सिमडेगा ज़िला के ही केरसई प्रखंड के अंतर्गत खिलाड़ियों के गाँव करगागुड़ी बाजू टोली की रहने वाली ब्यूटी डुंगडुंग के परिवार के सदस्य पीढ़ी-दर-पीढ़ी अच्छे हॉकी खिलाड़ी रहे हैं। उनका पूरा परिवार दादा, पिताजी, चाचा, तीन बड़े भाई, भाभी सभी-के-सभी राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रहे हैं। ब्यूटी साल 2018 से जूनियर भारतीय टीम से देश के लिये खेल रही हैं और इस वर्ष पहली बार सीनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के लिये चुनी गई हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/four-players-from-jharkhand-selected-in-indian-women-s-hockey-team